पंजाब केसरी 04/09/2024

बैंकिंग लेनदेन में आम धोखाधड़ी बारे विद्यार्थियों को किया जागरूक



ऑनलाइन आयोजित व्याख्यान में विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान करते वक्ता। (देवदत्त)

अम्बाला, 3 सितम्बर (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज द्वारा आर्य गर्ल्स कॉलेज, अम्बाला कैंट तथा आईडीसी और वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में ऑनलाइन बैंकिंग में व्यावसायिक नैतिकता विषय पर विस्तार व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के कम्प्यूटर विज्ञान विभाग में ऑनलाइन मोड में किया गया। इंडियन ओवरसीज बैंक, जी.एम.एन. शाखा के प्रबंधक चेतन मंगला इस कार्यशाला के लिए मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम 90 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का आयोजन आई.ई.डी.सी. की संयोजक नीलम, जी.एम.एन. कॉलेज, अम्बाला कैंट के वाणिज्य विभाग के एसोसिएट प्रो. राम मूर्ति, एसोसिएट प्रो. डा. सुमन और सहायक प्रो. रीतिका तथा आर्य कॉलेज से कम्प्यूटर विज्ञान विभाग की एसोसिएट प्रो. डा. अमनदीप मक्कड़ एवं वाणिज्य विभाग की एसोसिएट प्रो. डा. अंजू बाटला ने संयुक्त रूप से किया।